कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष
व्यवस्थापन 'क' वर्ग
लो0नि0वि0, उत्तराखण्ड, देहरादून

Office of the Engineer in Chief, PWD, Dehradun Uttarakhand

Phone & Fax:- 0135-2530467,2530431 Web- http:/govt.ua.nic.in/pwd E-Mail-cepwdua@gmail.com

पत्रांकः– 572 / 01ए0सी0आर0–व्यक / 2022 दिनांक 21 / 04 / 2022

सेवा में,

समस्त मुख्य अभियन्ता
क्षेत्रीय / रा0मा0 / ए0डी0बी0 /
विश्व बैंक / पी0एम0जी0एस0वाई0
लोक निर्माण विभाग,
अल्मोड़ा / हल्द्वानी / पौड़ी / देहरादून।

2– समस्त अधीक्षण / अधिशासी अभियन्ता
....
लोक निर्माण विभाग,
....

विषयः– **ऑन लाइन माध्यम से ए0सी0आर0 भरे जाने के सम्बन्ध में।**
सन्दर्भः– **इस कार्यालय के ज्ञाप संख्या–553 / 01ए0सी0आर0–व्यक / 2022 दिनांक 19.04.2022**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उत्तराखण्ड, राज्याधीन सेवाओं के अन्तर्गत श्रेणी 'क', 'ख' व 'ग' के कार्मिकों, कनिष्ठ अभियन्ता से प्रमुख अभियन्ता स्तर के अभियन्ताओं की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि वर्ष 2021–2022 से ऑनलाईन किये जाने हेतु उत्तराखण्ड शासन, लोक निर्माण अनुभाग–। के शासनादेश संख्या– 24097 / III(1) / 2022–01(11)अधि0 / 2014 दिनांक 23.03.2022 द्वारा निर्धारित मानक प्रचालन प्रकिया (Standard Operating Procedure) निर्गत की गयी थी, जिसके कम में इस कार्यालय के ज्ञाप संख्या– 553 / 01ए0सी0आर0–व्यक / 2022 दिनांक 19.04.2022 द्वारा मानक प्रचालन प्रक्रिया (SOP) विभागीय वेब साइड pwd.uk.gov.in अपलोड करते हुए दिये गये निर्देशों के अनुसार कार्यवाही करने हेतु निर्दिष्ट किया गया है।

उक्त (SOP) के कियान्वयन के सम्बन्ध में इस कार्यालय के पत्र संख्या–362 / 01 ए0सी0आर0–व्यक / 2022 दिनांक 08.03.2022 के द्वारा अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यरत मुख्य वैयक्तिक अधिकारी / वैयक्तिक अधिकारी / वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक / वैयक्तिक सहायक / मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी / प्रशासनिक अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित करते हुए पूर्ण विवरण उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था परन्तु कतिपय कार्यालयों द्वारा आतिथि तक विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया है।

अतः पुनः स्मरण कराना है कि इस कार्यालय के पत्रांक–362 दिनांक 08.03.2022 द्वारा दिये गये निर्देशों के कम में जिन कार्यालयों द्वारा नोडल अधिकारी नामित नहीं किये गये है, वो तत्काल पत्र प्राप्ति के 02 दिन के भीतर नोडल अधिकारी नामित करते हुए दिये गये प्रारूप में विवरण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

21/4/2022

(उपेन्द्र सिंह रावत)
वरिष्ठ स्टाफ आफिसर (अधिष्ठान)
21/04/2022

प्रतिलिपि मुख्य अभियन्ता (अधिष्ठान), विभागाध्यक्ष कार्यालय, लो0नि0वि0, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि अधिशासी अभियन्ता (आई0टी0), विभागाध्यक्ष कार्यालय, लो0नि0वि0, देहरादून को विभागीय वेब साइड में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

वरिष्ठ स्टाफ आफिसर (अधिष्ठान)

Scanned by TapScanner